बिहार सरकार
मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग
(निबंधन)
आदेश

पटना, दिनांक–.....

का0आ0 सं0–AW-367/27/2025-SEC_8B-REG -...../–श्री चन्द्रशेखर आजाद ओझा, तत्कालीन अभिलेखपाल, जिला निबंधन कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी सम्प्रति निलंबित द्वारा परिवादी श्री विश्वनाथ प्रसाद, पिता स्व0 मुखलाल साह, निवासी ग्राम एवं पोस्ट–बरवा, थाना–लखौरा, जिला–पूर्वी चम्पारण के साथ अभद्रता पूर्वक व्यवहार करने एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने संबंधी आरोपों के कारण विभागीय आदेश–3129 दिनांक–09.06.2025 द्वारा श्री ओझा को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय सहायक निबंधन महानिरीक्षक का कार्यालय, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ निर्धारित किया गया था।

2. विषयगत मामले में विभागीय कार्यवाही सम्प्रति प्रक्रियाधीन है एवं श्री ओझा दिनांक 31.01.2026 को वार्द्धक्य सेवानिवृत होने वाले हैं।
3. अतएव अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा सम्यक विचारोपरान्त श्री ओझा की वार्द्धक्य सेवानिवृति की तिथि दिनांक–31.01.2026 के अपराह्न के प्रभाव से उन्हें निलंबन मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।
4. अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा उक्त लिये गये निर्णय के आलोक में श्री चन्द्रशेखर आजाद ओझा, तत्कालीन अभिलेखपाल, जिला निबंधन कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी सम्प्रति निलंबित को उनकी वार्द्धक्य सेवानिवृति की तिथि दिनांक–31.01.2026 के अपराह्न के प्रभाव से निलंबन मुक्त किया जाता है।
5. श्री ओझा की निलंबन अवधि का विनियमन उनके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही के फलाफल पर निर्भर करेगा।

ह0/–
(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक– AW-367/27/2025-SEC_8B-REG - 690 पटना, दिनांकः– 30.01.26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निबंधन महानिरीक्षक के प्रधान आप्त सचिव/महालेखाकार (ले0 एवं ह0) का कार्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना/समाहर्त्ता–सह–जिला निबंधक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/उप निबंधन महानिरीक्षक, बिहार, पटना/सहायक निबंधन महानिरीक्षक, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर/सहायक निबंधन महानिरीक्षक, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ जिला अवर निबंधक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/जिला कोषागार पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/जिला कोषागार पदाधिकारी, पुर्णियाँ/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–06/आई0टी मैनेजर, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु/श्री चन्द्रशेखर आजाद ओझा, अभिलेखपाल, (निलंबन अवधि में मुख्यालय सहायक निबंधन महानिरीक्षक का कार्यालय, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30/1/2026

सरकार के संयुक्त सचिव

30.01.26